Hindi | हिन्दी

BreastScreen Victoria का सूचना पत्रक

BreastScreen Victoria

Caring about Women

स्क्रीनिंग से पहले	स्क्रीनिंग के समय	स्क्रीनिंग के पश्चात	दो वर्ष बाद
ब्रेस्ट और ओवेरियन कैंसर की अपनी **पारिवारिक पृष्ठभूमि** के बारे में अपने परिवार से बात करें। अपना **पंजीकरण फ़ॉर्म** ऑनलाइन या कागज़ी तौर पर पूरा करें। **पैंट या स्कर्ट के साथ टॉप** पहन कर आएँ। यदि आपके स्तनों में कोई लक्षण हैं तो **पहले** अपने डॉक्टर को दिखाएँ।	हमारी महिला कर्मचारी यह बताएँगी कि आगे क्या होगा। आपसे एकांत में अपना टॉप उतारने के लिए कहा जाएगा। यदि आपको **गाउन** की ज़रूरत है तो हमें बताएँ। मशीन ज़ोर से दबेगी परन्तु इससे दर्द नहीं होना चाहिए। आप किसी भी समय ब्रेस्ट स्क्रीन को रोकने के लिए कह सकती हैं।	आपके परिणाम 2-4 सप्ताहों में आपको भेजे जाएँगे। यदि और अधिक परीक्षणों की ज़रूरत होगी तो हम आपसे संपर्क करेंगे। जिन महिलायों को और अधिक परीक्षणों के लिए वापस बुलाया जाता है, उनमें से अधिकांश ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित **नहीं होती हैं।**	अधिकांश महिलायों से 2 वर्ष बाद वापस आने को कहा जाता है। यदि एक बार ब्रेस्ट स्क्रीनिंग कराने के बाद अगली बार इसे कराने के बीच की अवधि में आप कोई **लक्षण** देखती हैं तो अपने डॉक्टर से मिलें।

स्क्रीनिंग से पहले

BreastScreen Victoria के बारे में

BreastScreen Victoria 40 और इससे अधिक की आयु वाली महिलायों के लिए नि:शुल्क ब्रेस्ट स्क्रीनिंग (स्तन जाँच) उपलब्ध कराती है। BreastScreen Victoria विक्टोरिया में ब्रेस्ट स्क्रीनिंग प्रदान करने के लिए सरकारी और गैर-सरकरी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को कांट्रेक्ट देती है। BreastScreen Victoria ब्रेस्ट कैंसर के लिए राष्ट्रीय स्क्रीनिंग प्रोग्राम, BreastScreen Australia, का भाग है।

ब्रेस्ट स्क्रीन (स्तन की जाँच) क्या है?

ब्रेस्ट स्क्रीन में स्तन की तस्वीर ली जाती है (इसे मैमोग्राम भी कहते हैं)। ब्रेस्ट स्क्रीनिंग से ऐसे कैंसर का पता चलता है जो देखने या महसूस करने में बहुत छोटे हों। ब्रेस्ट कैंसर का पता जितनी जल्दी चलता है, सकारात्मक परिणाम की संभावना उतनी बेहतर होती है।

यदि मेरे स्तनों में लक्षण या बदलाव हों, तो क्या होता है?

यदि आप अपने स्तनों में असामान्य बदलाव पाती हैं, जैसे कि गांठ, पीड़ा या निप्पल से रिसाव, तो यह महत्वपूर्ण है कि BreastScreen Victoria पर **अपनी अपॉइंटमेंट से पहले**, जितनी जल्दी संभव हो आप अपने डॉक्टर के पास जाएँ।

क्या ब्रेस्ट स्क्रीनिंग सुरक्षित है?

हर बार जब आपकी ब्रेस्ट स्क्रीनिंग होती है, तो आपके स्तन रेडिएशन (विकरण) की बहुत छोटी मात्रा के संपर्क में आते हैं। अनुसंधान दर्शाता है कि कैंसर का शुरू में पता लगाने के लिए ब्रेस्ट स्क्रीनिंग के लाभ रेडिएशन के खतरों की तुलना में कहीं बढ़कर हैं।

आपके स्तन की तस्वीरें प्राप्त करना

आपके स्तन की पुरानी तस्वीरें या मैमोग्राम देखने से आपके स्क्रीनिंग परिणाम की सत्यता में सुधार होता है। आपने जब अपनी अपॉइंटमेंट बुक की थी, तो हमने आपसे पूछा था कि क्या आपका पिछला मैमोग्राम BreastScreen Victoria प्रोग्राम के तहत नहीं हुआ था। हमने आपकी सहमति के साथ इन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने की पेशकश भी की थी। वैकल्पिक रूप से हमने आपसे कहा था कि आप अपने स्तन की तस्वीरें अपने साथ अपनी अपॉइंटमेंट पर लाएँ।

पारिवारिक पृष्ठभूमि

BreastScreen Victoria महिलायों की ब्रेस्ट (स्तन) और ओवेरियन (अण्डाशयी) कैंसर से सम्बन्धित पारिवारिक पृष्ठभूमि एकत्रित करती है ताकि हम उन्हें बेहतर देखरेख प्रदान कर सकें। BreastScreen इस जानकारी का प्रयोग ब्रेस्ट कैंसर विकसित होने के व्यक्तिगत खतरे का अनुमान लगाने के लिए करती है। अपना पंजीकरण फ़ॉर्म पूरा करने से पहले, कृपया अपने परिवार के साथ अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में बात करें। और अधिक जानकारी के लिए breastscreen.org.au/familyhistory देखें।

यदि मैंने ब्रेस्ट इम्पलांट (स्तन प्रत्यारोपण) कराएँ हों, तो क्या होता है?

जिन महिलायों ने इम्पलांट कराएँ हों, उनमें से अधिकांश की ब्रेस्ट स्क्रीनिंग की जा सकती है। कृपया Breast screening for women with implants (इम्पलांट करा चुकी महिलायों के लिए ब्रेस्ट स्क्रीनिंग) शीर्षक वाला तथ्य पत्र पढ़ें। breastscreen.org.au/Breast-Screening/The-Facts देखें या प्रिंट की गई प्रतियाँ स्क्रीनिंग क्लिनिकों पर उपलब्ध हैं।

अपने अपॉइंटमेंट पर मैं क्या पहन कर आऊँ?

स्कर्ट या स्लेक्स के साथ टॉप पहन कर आएँ, ताकि ब्रेस्ट स्क्रीनिंग के लिए आप अपना टॉप उतार सकें।

पिछला भाग देखें

स्क्रीनिंग के समय

मेरी अपॉइंटमेंट में क्या होगा?
BreastScreen Victoria के स्टाफ का एक सदस्य आपका स्वागत करेगा और यह बताएगा कि क्लिनिक पर आगे क्या होगा। फिर एक महिला मैमोग्राफर आपको स्क्रीनिंग कक्ष में ले जाएगी। यदि आप गाउन पहनना चाहती हैं तो कृपया हमें बताएँ। आपके तैयार होने पर, मैमोग्राफर हर स्तन की कम से कम दो तस्वीरें लेगी।

क्या मैं मैमोग्राफर से बात कर सकती हूँ?
हाँ, अपने मैमोग्राफर से बात करना महत्वपूर्ण है, विशेषकर यदि आपको कोई शंकाएँ हैं तो। उन्हें आपके किन्हीं सवालों का जवाब देने में प्रसन्नता होगी।

क्या इसमें दर्द होगा?
ब्रेस्ट स्क्रीनिंग के दौरान थोड़ा असुखद महसूस करना सामान्य है, परन्तु ऐसा केवल कुछ सेकंड ही होना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि यह ज़रूरी है कि आपके स्तनों को स्क्रीनिंग मशीन में दो प्लेटों के बीच ज़ोर से दबाया जाए जिससे इनकी साफ तस्वीर ली जा सके। यदि आपको दर्द हो तो कृपया अपनी मैमोग्राफर को बताएँ। वह यह सुनिश्चित करने के लिए आपके साथ काम करेगी कि ब्रेस्ट स्क्रीन जितना संभव हो सके, उतना सुखद रहता है। **आप किसी भी समय मैमोग्राफर को ब्रेस्ट स्क्रीनिंग रोकने के लिए कह सकती हैं।**

क्या हमारे लिए आपके स्तन दबाना ज़रूरी है?
हाँ, हमारे लिए ऐसा करना ज़रूरी है, परन्तु बहुत महत्वपूर्ण कारणों के लिए। दबाने से स्तन स्थिर और फैले रहते हैं और इससे स्तन के मांस-तंतु अलग हो जाते हैं जिससे हमें मैमोग्राफ पर साफ तस्वीर प्राप्त होती है।

स्क्रीनिंग के पश्चात

मुझे मेरे परिणाम कब मिलेंगे?
आपके मैमोग्राफ की जाँच स्वतंत्र रूप से दो या दो से अधिक विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवर करेंगे। आपके परिणाम आपको 2-4 सप्ताहों में भेजे जाएँगे। यदि आपने अपने डॉक्टर का विवरण उपलब्ध कराया है तो आपके परिणाम उन्हें भी भेजे जाएँगे।

यदि मुझे अधिक परीक्षणों के लिए वापस बुलाया जाता है तो क्या होता है?
कभी-कभी महिलायों को और अधिक परीक्षणों के लिए BreastScreen पर वापस बुलाया जाता है। इसका यह अर्थ नहीं है कि उन्हें ब्रेस्ट कैंसर है, परन्तु इसे सुनिश्चित करने के लिए और अधिक परीक्षणों की ज़रूरत होती है। ऐसा अक्सर उन महिलायों के साथ होता है जिनका मैमोग्राफ पहली बार हो रहा हो। आम-तौर पर ऐसा इसलिए होता है क्योंकि तुलना करने के लिए कोई दूसरे मैमोग्राफ उपलब्ध नहीं होते हैं। जिन महिलायों को अधिक परीक्षणों के लिए वापस बुलाया जाता है, उनमें से अधिकांश में ब्रेस्ट कैंसर नहीं पाया जाता है।

क्या ब्रेस्ट स्क्रीनिंग से सभी कैंसरों का पता चलेगा?
ब्रेस्ट कैंसर का पता शुरू में ही लगाने के लिए ब्रेस्ट स्क्रीनिंग सबसे प्रभावी परीक्षण है। परन्तु, ये 100% सही नहीं होते हैं। बहुत थोड़ी सी यह संभावना होती है कि स्क्रीनिंग मैमोग्राफ सामान्य दिखे भले ही ब्रेस्ट कैंसर मौजूद हो।

दो वर्ष पश्चात

मेरी अगली ब्रेस्ट स्क्रीनिंग देय होने पर क्या होता है?
हर दो वर्ष बाद ब्रेस्ट स्क्रीनिंग कराना ब्रेस्ट कैंसर का पता शुरू में ही लगाने का सबसे अच्छा तरीका है। आपकी अगली ब्रेस्ट स्क्रीनिंग देय होने के समय BreastScreen Victoria आपको स्मरण पत्र भेजेगी। जिन महिलायों की आयु 40 से 49 के बीच हो या 74 से अधिक हो उन्हें स्मरण पत्र नहीं भेजा जाएगा परन्तु वे हर दो वर्ष बाद हमारे साथ अपॉइंटमेंट बुक करा सकती हैं।

एक बार ब्रेस्ट स्क्रीनिंग कराने के बाद अगली बार इसे कराने के बीच की अवधि में मैं और क्या करूँ?
भले ही आप हर दो साल बाद ब्रेस्ट स्क्रीनिंग कराती हैं, परन्तु अपने स्तनों के बारे में जानकारी रखना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि ब्रेस्ट कैंसर किसी भी समय विकसित हो सकता है। हम सुझाव देते हैं कि आप यह जानें कि आपके स्तन सामान्य रूप से कैसे दिखते और प्रतीत होते हैं और यदि आप गांठ, पीड़ा या निप्पल से रसाव जैसे कोई असामान्य बदलाव देखती हैं तो तुरंत अपने डॉक्टर को दिखाएँ।

आपकी गोपनीयता

BreastScreen Victoria आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी और आपके परीक्षण के परिणामों का प्रयोग ब्रेस्ट कैंसर की जाँच करने और आपकी अगली स्क्रीनिंग का स्मरण दिलाने सहित अगली कार्यवाही के लिए करती है। केवल प्राधिकृत लोगों को ही आपकी जानकारी तक पहुँच प्राप्त होती है। हम आपकी पहचान योग्य जानकारी का प्रयोग या इसे जारी केवल उसी परिस्थिति में करेंगे जहाँ आपने हमें ऐसा करने की सहमति दी हो या हमारे लिए ऐसा करना कानूनन ज़रूरी हो। अनुसंधान के लिए आपकी जानकारी तक पहुँच केवल नैतिक स्वीकृति के साथ ही प्रदान की जाएगी। breastscreen.org.au/privacy देखें।

हमें संपर्क करें: ई-मेल **info@breastscreen.org.au** या फोन **13 20 50**

breastscreen.org.au पर बुक करें या 13 20 50 पर फोन करें

और अधिक जानकारी या अपना विवरण बदलने के लिए, **breastscreen.org.au** देखें या **13 20 50** पर फोन करें

दुभाषिया सम्बन्धी सहायता के लिए **13 14 50** पर फोन करें

अनुवाद की गई जानकारी: breastscreen.org.au/**translations**

यदि आपको बोलने या सुनने की समस्याएँ हैं तो **TTY** को **13 36 77** पर फोन करें

VICTORIA State Government

BreastScreen Victoria विक्टोरियाई सरकार की सहायता का आभार प्रकट करती है

 © 2016 BreastScreen Victoria All Rights Reserved

पिछला भाग देखें